भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) का न्यूज लेटर

# BPMS NEWS

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

विक्रम सम्वत् - 2080 मासिक पत्रः नवंबर 2023 | पृष्ठः 4 | दिल्ली

# भिवानी परिवार मैत्री संघ की 14वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन

भिवानी परिवार मैत्री संघ की 14वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 8 अक्टूबर 2023 को पंजाबी बाग क्लब के आडिटोरियम में किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने दीप जलाकर सभा का श्रीगणेश किया और सबसे पहले गतवर्ष दिवंगत सदस्यों एवं उनके परिवार जन के लिए शोक प्रस्ताव रखा गया और एक मिनट का मौन भी किया गया। वार्षिक साधारण सभा के बारे में जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान राजेश चेतन ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया जाता है, जिसमें संस्था द्वारा साल भर के कार्यों का लेखा-जोखा संस्था के हर सदस्य के सामने रखा जाता है।

संस्था के महासचिव श्री दिनेश गुप्ता ने संस्था द्वारा किये गये सेवा कार्यों की जानकारी साझा की एवं संविधान में जो संशोधन किया जा रहा है उसके बारे मे विस्तार में सभा में मौजूद सभी सदस्यों को बताया । संस्था के कोषाध्यक्ष श्री संजय जैन ने इस आम सभा के माध्यम से गत वर्ष का वित्तीय लेखा-जोखा सभी सदस्यों के सामने रखा व साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों पर चर्चा की गई।

संस्था के प्रधान श्री राजेश चेतन ने भविष्य की योजनाओ के बारे में सभी से चर्चा की एवं बहुत से सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।

अंत में संस्था के उपप्रधान श्री हंसराज रल्हन ने सभी का धन्यवाद करते हुए राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया ।

सभा में श्री सुरेश गुप्ता, श्री शिवरत्न गुप्ता, श्री सुभाष चंद बासिया, श्री सी एल अग्रवाल सहित बहुत से गणमान्य उपस्थित थे।

वार्षिक साधारण सभा के सफल आयोजन में भिवानी परिवार मैत्री संघ के प्रधान श्री राजेश चेतन, महासचिव श्री दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्री संजय जैन, उप प्रधान श्री हंसराज रल्हन, संयुक्त सचिव श्री मनीष गोयल, श्री विनय सिंघल तथा प्रचार मंत्री श्री प्रमोद कुमार शर्मा का विशेष योगदान रहा।

















# भिवानी परिवार मैत्री संघ ने चंपालाल लोहिया जी की स्मृति में लगाया निःशुल्क कैंप






प्रत्येक माह के तीसरे बुधवार को भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा आंखों की जांच मोतियाबिंद, निःशुल्क ऑप्रेशन एवं कैंसर स्क्रीनिंग कैंप की श्रृंखला में बुधवार को छठे कैंप का आयोजन स्थानीय दादरी गेट स्थित श्रीकृष्ण प्रणामी आश्रम के प्रांगण में किया गया। कैंप का शुभारंभ स्व. चंपालाल लोहिया के पुत्र दीपक लोहिया, मामनचंद अग्रवाल, भिवानी परिवार मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश चेतन, मीनाक्षी गर्ग, राजकुमार अग्रवाल ने अन्य वरिष्ठजनों के साथ दीप प्रज्ज्वल कर किया। इस अवसर पर प्रातः साढ़े 8 बजे पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर 300 लोगों को कूपन प्रदान किए गए। दिल्ली से कैंसर जांच के लिए राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सैंटर से चिकित्सकों की टीम व आंखों की जांच व सर्जरी के लिए इंदिरा गांधी आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सैंटर गुरूग्राम की टीम ने मरीजों की जांच की। कैंप में 60 मरीजों का चयन नेत्र ऑप्रेशन के लिए किया गया। वही मुंह, ब्रेस्ट व अन्य प्रकार के कैंसर के 17 से अधिक मरीज चिह्नित किए गए।









## BPMS की वस्त्र एवं वस्तु समिति द्वारा गूंज कैंप का आयोजन

भिवानी परिवार मैत्री संघ की वस्त्र एवं वस्तु समिति द्वारा इस माह भी माह के अंतिम शनिवार को गूंज के सहयोग से वस्त्र एवं वस्तु संग्रह शिविर लगाए गए। जिसमें काफी मात्रा में सामान इककट्ठा हुआ जोकि सुदूर क्षेत्रों तक भेजा जाएगा जिससे बहुत से जरुरतमन्द लोगों का भला हो सकेगा।आप सबसे भी आग्रह है की आपके पास भी घर का कोई भी सामान हो जोकि आपके लिए अनुपयोगी हो (कपडे, दवाइयाँ, चादर, जूते, बर्तन, स्कूल मटेरियल, राशन विशेषकर गर्म कपड़े) हम तक पहुंचाएं ताकि जो सामान आपके लिए अनुपयोगी है वो जरुरतमन्द लोगों तक पहुँच सके।







भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) की मुख्य मासिक पत्रिका
BPMS NEWS
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्
सम्पादक
जगत नारायण भारद्वाज
सह-सम्पादक
सुनीता शर्मा व मनीष गोयल
प्रबंध-सम्पादक
सुश्री मंजीत मरवाहा
कार्यालय
भिवानी परिवार मैत्री संघ, पंजीकृत (BPMS)
BPMS Library, प्रशांत विहार रोड, नजदीक सीता अपार्टमेंट, सेक्टर 14, रोहिणी, दिल्ली-85
दूरभाष : 9999305530, E-mail: admin@ebhiwani.com
http://www.ebhiwani.com

# जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं


1 NOV
भिवानी गौरव
श्री माधव कौशिक


1 NOV
श्री सुभाष चंद गर्ग
(संरक्षक)


2 NOV
श्री सुरेश कुमार अग्रवाल
(संरक्षक)


5 NOV
श्री राजेन्द्र प्रसाद जालान
(संरक्षक)


6 NOV
श्री सुखदर्शन सिंह
(संरक्षक, कार्यकारिणी सदस्य)


11 NOV
भिवानी गौरव
श्री पुरूषोत्तम दास


12 NOV
श्री पुरूषोत्तम दास अग्रवाल
(संरक्षक)


12 NOV
श्री वरूण मित्तल
(कार्यकारिणी सदस्य)


14 NOV
श्री प्रमोद शर्मा
(मीडिया सचिव)


15 NOV
भिवानी गौरव
प्रो एम एल शर्मा


15 NOV
भिवानी गौरव
श्री जगदीश मित्तल


15 NOV
भिवानी गौरव
श्री नरेंद्र जीत सिंह रावल


16 NOV
श्री महेंद्र चावला
(संरक्षक, कार्यकारिणी सदस्य)


17 NOV
श्री कपिल बगड़िया
(संरक्षक, कार्यकारिणी सदस्य)


21 NOV
श्री पवन मोडा
(संरक्षक, सचिव)


22 NOV
भिवानी गौरव
श्री योगेश बरनेला


22 NOV
श्री मनोज गुप्ता
(संरक्षक)


23 NOV
श्री अमरदीप सिंघल
(कार्यकारिणी सदस्य)


24 NOV
श्रीमती शोभा अग्रवाल
(संरक्षक)


27 NOV
श्री संदीप बंसल
(संरक्षक)


27 NOV
श्री सुनील जैन
(संरक्षक)


29 NOV
श्री पुष्पेंद्र गोयल
(संरक्षक)


GOLDEN BOOK OF WORLD RECORDS

Certificate of Excellence

LARGEST HUMAN DEPICTION OF HOME

The World Record "largest human depiction of home" has been has been jointly attempted by **Mohit Garg** and **Rutvi Garg** from New Delhi, India.

On Oct 17, 2023; record breaking number of people have been claimed to stand in the shape of home.

The program has been organized by 'Cubix Homes' at Little Heart Public School, Bhiwani, Haryana.

*Provisional Certificate

Golden Book of World Records

## 1830 विद्यार्थियों व शिक्षकों ने घर की आकृति में मानव श्रृंखला बनाकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करवाया अपना नाम

भिवानी परिवार मैत्री संघ के संरक्षक सदस्य श्री राजकुमार गर्ग के सुपुत्र श्री मोहित गर्ग एवं रुत्वी गर्ग व भिवानी के लिटिल हार्ट्स पब्लिक स्कूल के 1830 विद्यार्थियों व शिक्षको द्वारा घर की आकृति में मानव श्रृंखला बनाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया व अपना नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करवाया। इससे पहले ये रिकॉर्ड 26 मई 2019 को आयरलैंड के डबलिन में 787 व्यक्तियों की श्रृंखला बनाकर घर का मानवीय चित्र बनाकर कीर्तिमान स्थापित किया गया था। इस बड़ी उपलब्धि के लिए भिवानी परिवार मैत्री संघ की ओर से राजकुमार गर्ग जी के परिवार एवं संस्था के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





## स्मृति शेष



**स्व. श्री पी.डी. अग्रवाल जी**

भिवानी परिवार दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।।

## स्मृति शेष



**स्व. श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल जी**

भिवानी परिवार दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।।

## बीपीएमएस की सेवा समितियां

| समिति | प्रभारी | चेयरमैन |
|---|---|---|
| मैट्रीमोनियल समिति | श्री राजेश चेतन | श्री सुनील बंसल |
| कैंसर केयर समिति | श्री दिनेश गुप्ता | श्रीमती मीनाक्षी गर्ग |
| वस्तु-वस्त्र समिति | श्री संजय जैन | श्री संजय गुप्ता |
| बिजनेस पाठशाला | श्री प्रमोद शर्मा | श्री सचिन मेहता |
| पर्यावरण समिति | श्री सुशील गनोत्रा | श्रीमती पूजा बंसल |
| अपना घर आश्रम समिति | श्री हंसराज रलहन | श्री सांवरमल गोयल |
| अंगदान-नेत्रदान समिति | श्री सुनील अग्रवाल | श्री एन आर जैन |
| शिक्षा समिति | श्री पवन मोडा | श्री संजय जैन |
| टुरिज़्म समिति | श्री मनीष गोयल | श्री उमेश मित्तल |
| स्वास्थ्य समिति | श्री विनय सिंघल | श्री वरुण मित्तल |

**पाठकों: इस पत्रिका में किसी भी प्रकार की त्रुटि के लिए हम क्षमा प्रार्थी हैं। आपकी प्रतिक्रिया और सुझाव आमंत्रित हैं। संपर्क: 9999305530, admin@ebhiwani.com**



**श्री रामभक्त सर्राफ**

श्री रामभक्त सर्राफ एक ऐसा नाम जो सज्जन पुरुषों के लिए आराध्य से कम नहीं हैं।राष्ट्र के साथ इनकी आत्मा एकाकार थी।राष्ट्र पर संकट आने पर उपदेशक नहीं अपितु स्वयं को आगे आकर एक उदाहरण प्रस्तुत करने से कभी नहीं चूके।

आपके पूर्वज बलियाली गांव से आकर भिवानी बस गए थे। आपका नाम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ अभिन्न रूप से जुड़ा रहा है। संघ का प्रशिक्षण आप ने लाहौर में प्राप्त किया।लेखक का जब भी उनसे मिलना हुआ,उनकी कल्पनाएं जितनी स्पष्ट होती थी वह बेजोड़ थी। सन 1948 में महात्मा गांधी हत्याकांड में भी आपको जेल भोगनी पड़ी थी। संघ संस्कार ने आपको इतना कर्मठ बना दिया कि आपने आपातकाल में दीवाली के दिन भारत माता की जय का उदघोष करते हुए आपातकाल का विरोध किया था, जेल जाकर अनेक यंत्रणाऐं झेली। आपका विवाह बरनाला के एक श्रेष्ठी परिवार में श्रीमती विद्यादेवी के साथ हुआ।उनका सहयोग बहुत कम लोगों को मिला होगा। आप मुरलीमनोहर जोशी की कश्मीर यात्रा से जुड़कर कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने भी गए थे। रामजन्मभूमि आंदोलन से जुड़कर आप 1990 की कारसेवा में भी जेल गए। संघ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आपका घनिष्ठ संपर्क रहा।आपके निवास स्थान पर विश्व हिंदू परिषद् के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अशोक सिंघल व उमा भारती जी पधारी है। भिवानी की एक भी ऐसी संस्था नहीं है जिनमें इनका आर्थिक सहयोग न रहा हो।आप जितने जुझारू व तपी थे उतने ही दानशील भी रहे।आपने अपने पिता की स्मृति में भी शिवलाल सर्राफ वैश्य कन्या विद्यालय का निर्माण कराया।

आपकी धार्मिकता के संस्कार आपकी संतति में स्वत:आ गए हैं। आपके 4 पुत्र श्री अशोक, श्री अजय, श्री महेंद्र, व्यवसायी तथा श्री घनश्याम सर्राफ तो हरियाणा सरकार में मंत्री बनकर प्रांत की सेवा की और तीन बार निरंतर विधायक बनकर एक रिकार्ड स्थापित कर चुकें हैं।



**जगत नारायण भारद्वाज**

## चेतन वाणी



**कवि राजेश चेतन**

ईश्वर का वरदान हमारी मां गंगा
भारत की पहचान हमारी मां गंगा

शरणागत मुक्त हुआ इसके तट पर
पापों का अवसान हमारी मां गंगा

भागीरथ की तपो साधना धन्य हुई
प्रकटी कृपा निधान हमारी मां गंगा

राष्ट्र नदी ये, जल भी अमृत के जैसा
गर्वित हिंदुस्तान हमारी मां गंगा

ऋषिकेश, हरिद्वार, प्रयाग-संगम, काशी
तीरथ दिव्य महान हमारी मां गंगा

ऋषि-मुनियों-संतों की राख प्रवाहित है
पौराणिक प्रतिमान हमारी मां गंगा

सांस आख़िरी - गंगा जल, तुलसी पत्ता
मोक्ष का पुण्य-विधान हमारी मां गंगा

## व्रत-त्योहार नवंबर 2023

| | | | |
|---|---|---|---|
| करवा चौथ | : बुधवार, 1 | छठ पर्व (बिहार) | : रविवार, 19 |
| अहोई अष्टमी | : रविवार, 5 | गोपाष्टमी | : सोमवार, 20 |
| गोवत्स द्वादशी | : गुरुवार, 9 | देवप्रबोधिनी एकादशी | : गुरुवार, 23 |
| हनुमान जयंती | : शनिवार, 11 | तुलसी विवाह | : शुक्रवार, 24 |
| दीपावली | : रविवार, 12 | भीष्म पंचक | : गुरुवार-सोमवार, 23-27 |
| गोवर्धन पूजा | : मंगलवार, 14 | कार्तिक पूर्णिमा | : सोमवार, 27 |
| भैया दूज, विश्वकर्मा पूजा | : बुधवार, 15 | | |